# अफीम एवं डोडा-चूरा सहित चार गिरफ्तार

**भवानीमंडी** (निसं)। भवानीमंडी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अफीम एवं डोडा चूरा सहित 04 तस्करों को गिरफतार किया। जिसमें 900 ग्राम अफीम एवं 01 क्विंटल 50 किलो डोडा चुरा अवैध मादक पदार्थ किया जब्त कर अभियुक्तओं से 2 लग्जरी कारे बरामद को है जिनके पास से 2,01,900 रूपये भी जप्त किये गए हैं। अभियुक्त लक्जरी कार्य में सवार हो कर जा रहे थे इसी दौरान छतरपुर पिपलिया मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने यह कार्यवाही कि है।

ऋचा तोमर जिला पुलिस झालावाड ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध आग्नेशस्त्र तस्करी की रोकथाम तथा वांछित अपराधियों की गिरफतारी के अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा एवं किशोरसिह चोहान वृताधिकारी वृत भवानीमण्डी के निकटतम सुपविजन मे थानाधिकारी रामनारायण भंवरिया पुनि थाना भवानीमण्डी ने आज चैकिंग के दौरान चार व्यक्ति (1 ) गुरूभेजसिंह पुत्र मिल्खासिंह जाति जाट उम्र 42 साल निवासी 761 थर्ड फ्लोर , गोविन्दपुरी थाना गोविन्दपुरी जिला नई दिल्ली ( 2 ) हरीश पुत्र मोहनलाल जाति ब्राह्मण (36) निवासी ढाबला खाम थाना बडोद जिला आगर म 0 प्र 0 ( 3) दिनेश पुत्र मोहनलाल जाति ब्राहमण उम्र 25 साल निवासी ढाबला खाम थाना बडोद जिला आगर म 0 प्र 0 ( 4 ) साबीर पुत्र इकबाल जाति मुसलमान उम्र 26 साल निवासी जयसिंगपुरा थाना बडोद जिला आगर म 0 प्र 0 को 02 लग्जरी कारों में 900 ग्राम अफीम एवं 01 क्वीटल 50 किलो डोडा चुरा अवैध मादक पदार्थ तथा 2,01,900 रूपये ले जाते हुवे को पकडा जाकर गिरफ्तार किया गया है।

**भवानीमंडी पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अफीम एवं डोडा चूरा सहित चार जनों को गिरफ्त में लिया।**

## शहीद दिवस मनाया

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद में शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने शहीदों को याद किया। सुभाष पार्क में एकत्रित होकर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को श्रद्धा से याद किया राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के अध्यक्ष धनराज सुमन ने बताया कि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शहीदों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई है और धर्म सभा प्रार्थना आयोजित की गई इस अवसर पर तहसीलदार शंभू दयाल मित्तल मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवत किशोर नामदेव पूर्व सरपंच गजेंद्र जैन नोडल प्रधानाचार्य विक्रम सिंह हाडा द्वारा शहीदों को याद किया।

# योगेश जैन ने 17वीं बार एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में एसडीपी व ब्लड डोनेशन को लेकर काफी जागरुकता है, लोग इस तरह के आयोजन में शामिल होने पर गर्व महसूस करते हैं वहीं खुशी का अहसास होता है। टीम जीवनदाता के द्वारा शहर में किए जा रहे कार्यों से हजारों की संख्या में लोग प्रेरित हुए और अब जुड़कर मदद का ईश्वरीय कार्य कर रहे हैं।

टीम जीवनदाता के संयोजक व लायंस क्लब के रीजन चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इटावा निवासी मंजू बाई (44) को ब्लड केंसर है, ऐसे में उन्हें एसडीपी की आवश्यकता पर एक मैसेज भेजा गया। आरटीएच बिल के विरोध में चिकित्सक हड़ताल पर चल रहे हैं, अपने साथी, समाजसेवी भाजपा नेता डॉ एलएन शर्मा के साथ ऐसे में मरीजों की मदद कर रहे योगेश जैन सिंघम व्यवस्त थे। उन्होंने जैसे ही मैसेज को देखा तो एसडीपी डोनेशन करके मदद करने का एक अवसर महसूस किया। तुरंत गुप्ता से ब्लड बैंक आने की इच्छा जाहिर की।

# बलिदान दिवस पर अहिंसा मार्च निकाला

**कोटा,** (निसं)। शहीद भगतसिंह, सुखदेव एवं राजगुरू के बलिदान दिवस के अवसर पर शांति, अहिंसा विभाग की ओर से अंटाघर स्थित शहीद स्थल से किशोर सागर की पाल तक अंहिसा मार्च निकाला जाकर बारहदरी पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर शहीदों को नमन किया गया। बलिदान दिवस पर शहीद स्थल पर शहीदों के छायाचित्र पर प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया गया।

अंहिसा मार्च में तख्तियों से अमर बलिदानियों के विचारों का का प्रचार प्रसार किया गया। बारहदरी पर आयोजित सर्वधर्म प्रार्थनासभा में सभी धर्मों की ईश वंदना को साकार किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने कहा कि अमर शहीदों के बलिदान की बदौतल देश को स्वतंत्रता मिली युवाओं तक उनके विचार एवं शिक्षाओं का प्रचार की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि गांधीजी के शांति एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजी दासता के खिलाफ संघर्ष कर देश को एकता के सूत्र में बांधा हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखण्डता के लिए कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगतसिंह की शिक्षाऐं एवं उनका बलिदान आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। गांधीवादी विचारक नरेश विजयवर्गीय ने गांधीजी के सर्वधर्म के समभाव एवं उनकी शिक्षाओं में सभी धर्मों की एकता के बारे में विचार रखें। उन्होंने कहा कि गांधीजी एवं भगतसिंह ने देश के युवाओं को दिशा देकर एकता एवं अखण्डता के लिए कार्य किया।

इस अवसर पर युआईटी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, डॉ. जफर मोहम्मद, नगर निगम दक्षिण के उपायुक्त राजेश डागा, नगर निगम उत्तर के उपायुक्त गजेन्द्रसिंह, कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव, सीएमडी कोटा ग्रामीण सहकारी बैक बलविन्दरसिंह, उप निदेशक समाज कल्याण ओपी तोषनीवाल, महिला अधिकारिता मनोज मीना, स्काउट के यज्ञदत्त हाडा सहित कॉलेज के प्रोफेसर, गणमान्य नागरिक, एनएसएस, स्काउट के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**कोटा में अहिंसा मार्च एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा में अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।**

# 'प्रशासन शहरों के संग अभियान में नये नियम, शिथिलता, सरलीकरण से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी'

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार के अभूतपूर्व अभियान प्रशासन शहरों के संग के तहत लगातार नये नियम, शिथिलता एवं सरलीकरण कर आमजन को अपने भूखंड का आवास का स्वामित्व प्रदान करने के लिए बड़ी राहत प्रदान की जा रही है।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि अभियान के तहत अब नये नियम और शिथिलता के साथ अब एक बार फिर पट्टा बनाने की प्रक्रिया में सरलीकरण किया गया है जिससे ज्यादा से ज्यादा आवेदकों को मालिकाना हक़ मिल सके।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत दी जाने वाली शिथिलता नये नियम एवं सरलीकरण के बारे में जानकारी के उद्देश्य से संभाग स्तरीय कार्यशाला 6 अप्रैल को श्रीनाथपुरम स्थित यूआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की जा रही है कार्यशाला में यूडीएच, स्वायत्त शासन विभाग, टाउन प्लानर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, आयुक्त उपायुक्त सहित पट्टा प्रदान करने वाली सभी एजेंसीज के अधिकारी एवं महापौर, चेयरमैन, सभापति, सहित संभाग की पालिकाओ, परिषद, निगम के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

- 6 अप्रैल को कोटा में यूआईटी ऑडिटोरियम में संभाग स्तरीय कार्यशाला होगी
- कार्यशाला में संभाग के पालिका, परिषद, निगम के जनप्रतिनिधि सहित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे
- मंत्री शांति धारीवाल कार्यशाला में मौजूद रहेंगे

कार्यशाला में सरकार द्वारा अभियान के तहत दी जा रही कृषि भूमि पर बसी कॉलोनियों, कच्ची बस्ती नियमन के तहत दी जाने वाली रियायतों के साथ नियमों में दी जारी शिथिलता और सरलीकरण के बारे में सभी को विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। ताकि सरकार द्वारा आमजन के हित में तीजा रही बड़ी राहतों का ज्यादा से ज्यादा आवेदकों को लाभ मिल सकें।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत लगातार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं जहां एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं आवेदकों को उपलब्ध करवा कर उनको अपने भूखंड का आवास का स्वामित्व प्रदान किया जा रहा है।

अभियान के तहत अब संभागभर में वार्ड वार कैंप आयोजित किए जाएंगे ताकि आमजन अपने ही वार्ड में आयोजित कैंप में पहुंचकर सरकार द्वारा प्रदान की जा रही राहतों से लाभान्वित हो सके। कार्यशाला में वार्दो में आयोजित होने वाले कैंपों को लेकर भी रूपरेखा तैयार कर चर्चा की जाएगी ताकि जल्द से जल्द वार्डों में कैंप आयोजित किए जा सकें।

## हाईटेंशन लाइन हटाई गई

**कोटा,** (निसं)। कोटा के रामपुरा शिवदास घाट की गली में दशनाम कॉलोनी (बाड़ी) और वाल्मीकि बस्ती की 11 के वी हाइटेंशन लाइन जिससे क्षेत्रवासियों को लगातार हादसे का अंदेशा हो रहा था उस हाईटेंशन लाइन से छुटकारा मिल गया। क्षेत्रवासियों की ओर से यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल से हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग की गई थी जिसके बाद मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर नगर विकास न्यास की टीम ने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया और हाईटेंशन लाइन को हटाया। पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल ने बताया कि रामपुरा नदी किनारे स्थित में घरों की छतों से होकर वाल्मीकि बस्ती से हाइटेंशन लाइन गुज़र रही थी जिसमें करंट का प्रवाह चालू था कभी भी इससे आगजनी व मकानों में करंट आने के साथ बच्चों व स्थानीय नागरिकों में बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता था। अब क्षेत्रवासियों को राहत मिली है। हाइटेंशन लाइन हटने के बाद स्थानीय पार्षद अमरनाथ दशनाम कॉलोनी के रफीक, खादिम, आबिद, जलाल, अख्तर, आसिफ, बस्ती से शिवराज भुमलिया, विजय मीना सहित क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त कर अमित धारीवाल का सम्मान किया।

# संवेदक ने निविदा निरस्त कराने की मांग

**बूंदी** (निसं)। सीएमएचओ कार्यालय में कार्यरत संविदा पर कार्यरत जिला लेखा प्रबंधक योगेश सुवालका द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी चहेती व मिलीभगत वाली फर्मों को लाभ दिलाने के लिए विभाग द्वारा निकाली गई निविदाओं की शर्तों में नियम विरुद्ध फेरबदल कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। रॉयल एडवरटाइजिंग एजेंसी बहादुर सिंह सर्किल बूंदी के प्रोपराइटर मोहम्मद उस्मान रईस ने बताया कि वह लंबे समय से विभाग का प्रिंटिंग सहित अन्य कार्य करते आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय द्वारा प्रिन्टिंग एंव अन्य कार्यों के लिए फरवरी माह में निकाली निविदा संख्या 2023 -317306-1 टैंडर रेफरेन्स न0 1096 जो दिनांक 23/02/2023 निविदा डलनी थी जिसमें जानबुझकर स्थानीय एंव छोटे निविदादाताओं को बाहर कर अधिक टर्न ऑवर की शर्तें लगाकर स्थानीय लोगों को वंचित किया जा रहा है जिससे छोटे व्यवसाय करने वाले लोगो को दस्तावेजो में कमिया बताकर टैक्निकल बिड में ही बार किया जा सके तथा मिलिभगत वाली फर्मों को काम दिया जा सके।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्य हेतु पिछले वर्ष विभाग द्वारा निकाली निविदा मे औसत 10 लाख का न्यूनतम टर्न आवर मांगा था जिसकी निविदा राशि 20 लाख रुपये थी । जबकी इस वर्ष भी निविदा की राशि 20 लाख रुपये है एवं औरात टर्न ओवर 60 लाख का कर दिया गया जो नियमानुसार न्याय एवं तर्क संगत नही हे और स्पष्ट प्रतित होता है कि निजी लाभ के लिए समान दर की निविदा में टर्न ओवर को 6 गुना बढा दिया गया।

इसी प्रकार इसी विभाग की आईईसी कार्य के लिए निकाली गई निविदा औसत में टर्न ओवर 25 लाख रुपये किया गया कटपुतली नचाने के कार्य करने वाले नुक्कड नाटक करने वाले लोगो से लगातार तीन वर्षो तक कम से कम 25 लाख का व्यवसाय करने की शर्त लगाना भी न्याय संगत एवं तर्क संगत नहीं है।

शिकायत पत्र में संवेदक ने बताया कियोगेश सुवालका जिला लेखा प्रबन्धक एनएचएम सीमीएचओ कार्यालय बून्दी जो कि संविदा पर कार्यरत है जो कोटा का रहने वाला है तथा रोज कोटा से अप डाउन करता है एवं अधिकांश निविदाओं में कोटा की ही अपनी चहेती व मिलिगगत वाली फर्मों को लाभ पहुंचाने की दृष्टी से निविदा में टर्न ऑवर आदि की ऐसी अनावश्यक शर्ते जोडता है जिसको मात्र इसके साथ मिलिभगत करने वाली फर्म ही पुरी कर सके और और स्थानीय फर्मे यह टेंडर नहीं भर सके। तथा कार्य इसकी चहेती फर्मों को ही मिल जाए।

एक तरफ तो राजस्थान के मुख्यमंत्री छोटे और मझले व्यवसाय करने वाले लोगो को प्रोत्साहित करने की इन्वेस्टमेंट समिट जैसी इवेंट आयोजित कर छोटे उद्यमों को आगे बढाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं तो वही दुसरी ओर बून्दी का सीएमएओ कार्यालय मैं कार्यरत जिला लेखा प्रबंधक भ्रष्टाचार करते हुए ऐसे छोटे और मझले व्यवसाय करने वाले लोगो को टर्न ऑवर आदि की शर्तों लगाकर बाहर करके बड़े लोगो को लाभ पहुच रहा है। तथा कमीशन के नाम पर उनसे मोटी राशि वसूल रहा है। ज्ञापन में मांग की कि उक्त लेखा प्रबंधक द्वारा निकाली गई तमाम निविदाओं की विभागीय टीम गठित कर जांच कराई जाए व दोषी पाए जाने पर विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाए। मोहम्मद उस्मान ने कहा कि उक्त कर्मचारी की एसीबी में भी शिकायत की जाएगी।

डॉ. ओ पी सामर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बूंदी ने बताया कि निविदाओं में नियम शर्ते बदलने को लेकर शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत की जांच कराई जा रही है ।दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## रेल कर्मियो की कई समस्याओं का समाधान हुआ

**कोटा,** (निसं)। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्प्लॉयज यूनियन कोटा मंडल की प्रथम मंडल स्तरीय स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यूनियन के सहा मंडल सचिव नरेश मालव ने बताया कि यूनियन के महामंत्री कॉम मुकेश गालव के नेतृत्व में मीटिंग में यूनियन पदाधिकारियों ने रेल कर्मचारियों के कई लंबित मुद्दों को उठाकर उनका निराकरण करवाया। मुख्य रूप से मिटिंग में निर्णय हुआ कि 154 सेवानिवृत हो चुके रेल कर्मियो के बकाया नाईट ड्यूटी भत्ते का तत्काल भुगतान होगा। साथ ही पॉइंट्समैन हेतु ऑफ साइड पर गुमटी बनाने हेतु अमृत भारत प्रोजेक्ट के तहत निर्माण किया जाएगा जिसमे इन सभी स्टेशन पर महिला चेंज रूम, टिफिन रूम और विश्राम स्थल भी यूनियन की मांग पर बनाए जायेंगे। रेलवे स्टॉफ हेतु सभी बड़े स्टेशंस पर रियायती दर पर पार्किंग उपलब्ध करवाने, मोतीपुरा में रनिंग स्टॉफ हेतु सुविधा विस्तार, टिकट चैकिंग स्टॉफ के गलत किऐं गऐं आवधिक स्थानांतरण निरस्त करना, रेलवे अस्पताल में दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करना, डीआरएम ऑफिस में महिला शौचालय की हालत सुधारना, सी एंड डब्लू में महिला चेंज रूम को उन्नत करना, लोको रनिंग स्टाफ को सभी जगह की एलआरडी देना, इंजीनियरिंग कोटा नॉर्थ के अटके टीए बिल का भुगतान करने पर निर्णय हुआ।

## सार-समाचार

### किसान महापड़ाव में पहुंचे

**छबड़ा,** (निसं)। कस्बे के उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में कडैयाबन सरपंच धर्मा धाकड़ के नेतृत्व में जारी किसान आंदोलन के तहत गुरुवार को किसानों के महापड़ाव का आयोजन किया गया। जिसमें डूंगरपुर ज़िले की चौरासी विधानसभा सीट से विधायक राजकुमार रोत व सुप्रीम कोर्ट के वकील वीरेंद्र कसाना ने किसानों को संबोधित किया। फसल बीमा क्लेम दिलाने व फसल खराबे का मुआवज़ा दिलाए जाने की मांग को लेकर कडैयाबन पंचायत के सरपँच के नेतृत्व में पिछले 110 दिन से किसान आंदोलनरत हैं। इसी के तहत गुरुवार को किसान महापड़ाव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। महापड़ाव में किसान नेताओ ने किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस व भाजपा पर जमकर हमले बोलें। वही, महापड़ाव में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद डूंगरपुर के चौरासी से विधायक राजकुमार रोत ने कहा कि जो लोग किसानो के हित की बात नही करते उन्हें छोड़ो तथा जो लोग किसानों की बात करते है। उन्हें चुनकर लोकसभा व विधानसभा में भेजे। वही, किसान नेता सरपंच धर्मा धाकड़ ने आगामी 30 अप्रैल को बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की तैयारी करने की अपील की। इस दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर डीएसपी पूजा नागर के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### प्रशासनिक अमले ने जेल की तलाशी ली

**छबड़ा,** (निसं)। कस्बे के उपकारागृह में मंगलवार को प्रषासनिक अमले ने जेल के चप्पे-चप्पे की तलाषी ली। इस दौरान किसी प्रकार की अवैध वस्तु नही पाई गई। प्रषासनिक अमले में एसडीएम, डीएसपी, सीआई सहित लगभग 40 पुलिस कर्मी साथ थे। एसडीएम गुलाबसिंह वर्मा ने बताया कि जेल में अवैध वस्तुओं की षिकायत के चलते उनके नेतृत्व में डीएसपी पूजा नागर व थानाधिकारी राजेष मीणा ने मंगलवार को जेल पहुंचकर तलाषी कार्रवाई प्रारंभ की और उन्होने जेल के चप्पे-चप्पे को खंगाला। परंतु, यहां किसी भी प्रकार की कोई अवैध वस्तु नही मिली और यहां सभी व्यवस्थाएं संतोशजनक पाई गई। इस अवसर पर जेलर सुरेंद्रसिंह भी मौजूद रहे। अचानक हुई इस कार्रवाई से जेल कर्मी व बंदी स्तब्ध रह गए।

### गौतम जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के हरनावदा शाहजी कस्बे में हिन्दू नव वर्ष पर भव्य शोभायात्रा निकाली जूलस निकाला गया इस मोके पर कस्बे के प्रमुख चोराहो को भगवा पताकाओं से सजाया गया। हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य पर विभिन्न धार्मिक संगठनो द्वारा कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। महर्षि गौतम की शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली गई। शोभायात्रा भगवान सत्यनारायण के मंदिर से आरम्भ होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से निकाली गई। देर शाम महर्षि गौतम की महाआरती हुई। इस अवसर पर प्रमोद पंचौली, रामेश्वर गोतम, देवेन्द्र पंचोली, ओमप्रकाश शर्मा, गिरधर गौतम, दिनेश पंचोली, लोकेश शर्मा, अमित गौतम, ओमप्रकाश पंचोली, चंद्रशेखर पंचोल सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### गणगौर के उपलक्ष में कलश शोभायात्रा निकाली

**छबडा,** (निसं)। साहू समाज महिला मंडल के तत्वावधान में गणगौर के उपलक्ष में कलश शोभायात्रा निकाली। जिसमें महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और धार्मिक चेतना का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं को संस्कृति और त्यौहार से जोड़े रखने के समय-समय धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर निकाली शोभायात्रा में शिव-पार्वती की झांकी सजाई। षोभायात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर मैन बाजार, लौटा भैरू, अलीगंज बाजार होते हुए साहू समाज के रामजानकी मंदिर पहुंच संपन्न हुई। जगह-जगह पुष्प वर्षा से षोभायात्रा का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर तीन सौ महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

# संयुक्त निदेशक ने स्वास्थ्य भवन में बैठक ली

**बूंदी** (निसं)।कोटा से आये संयुक्त निदेशक डॉ सतीश खंडेलवाल ने स्वास्थ्य भवन में विभागीय कार्यक्रमो की प्रगति जानी। बैठक के दौरान जिले के समस्त बीसीएमओ, बीपीएम, अकाउंटेंट एवम अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया की जे डी डॉ खंडेलवाल ने सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की भौतिक,एवम वित्तीय प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा कर प्रगति जानी। उंन्होने राष्ट्रीय कार्यक्रमो के तहत चल रहे विभागीय कार्यो की प्रति कार्यक्रम प्रगति जानी। जे डी डॉ खंडेलवाल ने सरकार की अतिमहत्वपूर्ण चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की प्रगति जानी ओर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि योजना में जिले के प्रत्येक परिवार का शत प्रतिशत पंजीकरण करवाया जाए। उंन्होने मीजल्स,रूबेला अभियान की प्रगति भी जानी ओर निर्देश दिए कि जिले के पहली और दूसरी डोज से वंचित प्रत्येक बच्चे को इनकी डोज लगाई जाए।साथ ही इस अभियान की ऑनलाइन रिपोर्टिंग समय पर जिला स्तर पर भिजवाई जाए। ओर अभियान के दौरान जिले का कोई भी बच्चा वंचित न रहे ऐसी रणनीति बनाकर अभियान के दौरान काम किया जाए। उंन्होने कोविड के बढ़ते प्रभाव से बचने के लिए जिले एवम ब्लॉक स्तर से की जा रही तैयारियां की प्रगति भी जानी। साथ ही कोविड के चलते सतर्क रहकर प्रत्येक चिकित्सा संस्थानो को सेवाएं देने के निर्देश दिए।

## कैलादेवी मेला के कारण दो जोड़ी गाड़ियों में कोच बढ़ाया गया

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रसाशन द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल के कैलादेवी में 15 मार्च से 10 अप्रैल, 2023 तक आयोजित किये जा रहे मेले के यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतिदिन चलने वाली दो जोड़ी गाड़ियों में एक अतिरिक्त समान्य श्रेणी कोच को लगाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 19818 यमुना ब्रिज आगरा से रतलाम को जाने वाली गाड़ी में 22 मार्च से 10 अप्रैल तक एवं वापसी में गाड़ी संख्या 19817 रतलाम से आगरा फोर्ट को जाने वाली गाड़ी में 24 मार्च से 12 अप्रैल तक एक अतिरिक्त समान्य श्रेणी कोच लगेगा। गाड़ी संख्या 09814 आगरा फोर्ट से कोटा को जाने वाली गाड़ी में दिनांक 23 मार्च से 10 अप्रैल तक एवं वापसी में गाड़ी संख्या 09813 कोटा से यमुना ब्रिज आगरा को जाने वाली गाड़ी में 24 मार्च से 11 अप्रैल तक एक अतिरिक्त सामान्य श्रेणी कोच लगेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया हैं। इस संबंध में सर्व संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ऊक्त ट्रेन में लगाये गये अतिरिक्त कोच की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत को नमन किया, श्रद्धांजलि दी

**बून्दी** (निसं)। स्वतंत्रता सैनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव की स्मृति में गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नॉलेज पार्क में शहीद दिवस के अवसर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इससे पहले खेल संकुल से कलेक्ट्रेट परिसर तक अहिंसा मार्च निकाला गया। इस अवसर पर जिला कलक्टेट परिसर स्थित नॉलेज पार्क में सर्व धर्म प्रार्थना सभा हुई। यहां गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता सैनानियों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गए। साथ ही कार्यक्रम में धर्म गुरूओं द्वारा सर्वधर्म का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक राजकुमार माथुर ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए विश्व में जो भी आंदोलन हुए उनमें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन जैसी मिसाल देखने को नहीं मिली। इतिहास के छात्र इसे पढे और जाने। जो भी विश्व क्रांति हुई, उसमें युवाओं को योगदान सबसे ज्यादा रहा है। हमारे देश के युवाओं को देश आजादी के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले स्वतंत्रता सैनानियों के समर्पण, त्याग, उनकी जीवनी और उनके कार्यों का स्मरण होना चाहिए। युवा पीढी स्वतंत्रता सैनानियों के कार्यों को आत्मसात करें।

उन्होंने कहा कि युवा पीढी को महात्मा गांधी के अहिंसा मार्ग पर चलकर देश को आगे बढाने में योगदान देना चाहिए।

युवाओं में सर्वधर्म सद्भाव को पुर्नजीवित करने के लिए पूरे देश में मिशन चलाया जाएगा। हम सभी को समाज के प्रति किए जाने वाले कार्यों को लेकर मूल्यांकन प्रवृति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में केवल राजस्थान राज्य में अहिंसा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसके माध्यम से देश के वीर सपूतों और शहीदों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी करतार सिंह ने कहा कि महान क्रांतिकारियों ने देश को आजाद करवाने के लिए अपनी कुर्बानी दी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सैनानियों के विचार को आगे बढाने के लिए अलग से अहिंसा प्रकोष्ठ की स्थापना राज्य सरकार ने की है। युवा पीढी शहीदों के विचार से ओतप्रोत हो। सभी धर्मों के प्रति सद्भाव वर्तमान समय की महत्ती आवश्यकता है।

**खेल संकुल से शुरू हुआ अहिंसा मार्च, शांति का दिया संदेशः-** राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष में गुरूवार को सुबह खेल संकुल से अहिंसा मार्च निकाला गया। अहिंसा मार्च को गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक राजकुमार माथुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान गांधी जीवन दर्शन समिति के सह संयोजक पंडित दीपक शर्मा, उपखण्ड अधिकारी सोहनलाल, जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

अहिंसा मार्च में शामिल स्कूली बच्चों व स्काउट गाइड ने तख्तियों व नारों के माध्यम से शांति का संदेश आमजन में प्रसारित किया। अहिंसा मार्च कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नॉलेज पार्क पर सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार चैधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी करतार सिंह, उपखण्ड अधिकारी सोहनलाल, मौलाना असलम, सुखजिंदर, जीवन दर्शन समिति के सह संयोजक दीपक शर्मा, ओम तम्बोली, मुकेश भटनागर, कन्हैयालाल सैनी, सिफाउलहक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी तेज कंवर, बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रामराज मीना, जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राकेश कुमार वर्मा सहित धर्म गुरू, गणमान्य नागरिक, स्काउट गाइड एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया।

- नॉलेज पार्क में हुआ सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन
- खेल संकुल से कलेक्ट्रेट तक अहिंसा मार्च निकाला

**गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक राजकुमार माथुर एवं उपखंड अधिकारी सोहनलाल ने अहिंसा मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**